17 जून के बाद स्काईवॉक बनाने का रास्ता होगा साफ

सेक्टर 51 - 52 मेट्रो स्टेशन के बीच कनेक्टिविटी मजबूत करने की दिशा में काम शुरू, 30 मई को खोली जाएगी प्री बिड

जागरण संवाददाता, नोएडा : सेक्टर-51 व 52 मेट्रो स्टेशन के बीच मुसाफिरों को सुविधा देने के लिए जल्द ही स्काईवॉक बनाया जाएगा। इसका रास्ता 17 जून को नोएडा प्राधिकरण में साफ हो जाएगा, क्योंकि प्राधिकरण ने दोनों सेक्टरों के बीच पड़ी 48 हजार वर्ग मीटर जमीन के व्यावसायिक भूखंड को ऑनलाइन बोली लगाकर बेचने का निर्णय लिया है। जिसका टेंडर 22 मई को जारी कर दिया गया है। 30 मई को इसकी प्री बिड खुलने जा रही है। पांच जून से 17 जून तक टेक्निकल बिड जारी रहेगी। बता दें कि नोएडा प्राधिकरण ने इस व्यावसायिक भूखंड टेंडर के लिए चुनाव आयोग से अनुमति मांगी थी। यह अनुमति 14 मई को प्रदान की गई है।

राजेश कुमार सिंह

इस योजना को लांच करने के लिए सोमवार को नोएडा प्राधिकरण ने तैयारी पूरी कर ली। यह भूखंड ई-1, सेक्टर-51 में है। सेक्टर-71 चौराहे के पास यह भूखंड सेक्टर-51 व 52 मेट्रो स्टेशन के बीच है। सेक्टर-51 स्टेशन नोएडा-ग्रेनो लाइन व सेक्टर-52 स्टेशन ब्लू लाइन का हिस्सा है। अभी दोनों स्टेशन के बीच लोग स्टेशन से उतरकर ई-रिक्शे के जरिये आ-जा रहे हैं। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। महत्वपूर्ण यह है कि दोनों स्टेशन के बीच व्यावसायिक भूखंड होने के कारण प्राधिकरण खुद स्काईवॉक का निर्माण नहीं कर सकता। ऐसे में इस योजना को लांच करते समय प्राधिकरण ने अब यह शर्त जोड़ दी है कि इसका निर्माण भूखंड खरीदने वाली कंपनी को करना होगा। इस बारे में नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी राजेश कुमार सिंह का कहना है कि इस भूखंड का क्षेत्रफल 48 हजार वर्ग मीटर है। इस भूखंड का रिजर्व प्राइज एक लाख 59 हजार प्रति वर्ग मीटर है। इस हिसाब से भूखंड की कीमत 763 करोड़ 20 लाख रुपये है। इस भूखंड को पाने के लिए रिजर्व प्राइज से ज्यादा ऑनलाइन बोली लगानी होगी। इस भूखंड की प्री बिड 30 मई को खोली जा रही है। पांच जून से टेक्निकल बिड शुरू होगी। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण ने शर्त लगाई है कि जो भी इस भूखंड को खरीदेगा उसे दोनों स्टेशन के बीच स्काईवॉक बनाना होगा।